# वैश्विक निवेश और कनेक्टिविटी का नया केंद्र बन रहा यूपी : सीएम

## मुख्यमंत्री ने किया नोएडा एयरपोर्ट का निरीक्षण, विकास का प्रतीक बताया...पीएम मोदी जल्द करेंगे उद्घाटन

ग्रेटर नोएडा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेश और आधुनिक कनेक्टिविटी का नया केंद्र बन रहा है। नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के निरीक्षण के बाद योगी ने कहा, यह एयरपोर्ट उत्तर भारत की नई राह खोलेगा। साथ ही, रोजगार सृजन के जरिये प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भरता की नई उड़ान भी देगा। यह प्रदेश के विकास का प्रतीक बनेगा।

सीएम ने शनिवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि हवाईअड्डे का निर्माण पूर्ण गुणवत्ता और सर्वोच्च प्राथमिकता से पूरा किया जाए। हवाईअड्डे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जल्द करेंगे। सीएम ने हेलिकॉप्टर से एयरपोर्ट का जायजा भी लिया। उन्होंने हवाई पट्टी के साथ ही, सुरक्षा व यातायात प्रबंधन, यात्री लाउंज पर हुए कामों को देखा।

इसके बाद नोएडा, ग्रेनो व यमुना प्राधिकरण, जिला प्रशासन, पुलिस और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। निर्माण कंपनी यापल के अधिकारियों ने योगी को बताया कि काम पूरा होने की समयसीमा 30 अक्तूबर है लेकिन एक सप्ताह का अतिरिक्त समय लग सकता है। ब्यूरो




**1.2** **करोड़ होगी वार्षिक यात्री क्षमता एक रनवे से...दो रनवे 7 करोड़ यात्रियों की राह सुगम करेंगे**

**प्रतिदिन 150 उड़ान**...नोएडा एयरपोर्ट के लिए 6,700 एकड़ भूमि का अधिग्रहण हो चुका है। 5,100 एकड़ भूमि तीन माह में ली जाएगी। जमीन खरीद पर 5,000 करोड़ और एयरपोर्ट निर्माण पर 7,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। एक रनवे की वार्षिक यात्री क्षमता 1.2 करोड़ होगी। यहां से रोज 150 उड़ानें हो सकेंगी। दूसरा रनवे बनने के बाद सात करोड़ यात्रियों की राह सुगम होगी।

**एक लाख लोगों को मिलेगा रोजगार**... एयरपोर्ट शुरु होने से एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा। बेहतर एयर कनेक्टिविटी से प्रदेश में पर्यटन को भी नया आयाम मिलेगा। वहीं, रियल एस्टेट सेक्टर में 20 से 30% की वृद्धि दर्ज की गई है।

>> 11 नवंबर के बाद पीएम मोदी कर सकते हैं उद्घाटन : पेज 4